जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 5486 / 2023 दिनांकः 11 सितम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः वार्षिक परीक्षा से सम्बन्धित बैक पेपर / श्रेणी सुधार परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2019–20 के स्नातक प्रथम वर्ष तथा सत्र 2020–21 के स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष और सत्र 2021–22 स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष व सत्र 2022–23 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की सम्पन्न वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित जिन परीक्षार्थियों का परीक्षाफल बैक पेपर हेतु अर्ह (EBP) अथवा ऐसे प्रश्न–पत्र जिसमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जिसके कारण परीक्षाफल RW(Result Withheld) घोषित है, ऐसे परीक्षार्थी बैक पेपर / श्रेणी सुधार की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jncu.ac.in पर उपलब्ध बैक पेपर / श्रेणी सुधार का परीक्षा फार्म रू0 600 / –प्रति प्रश्न–पत्र अथवा दो प्रश्न–पत्रों हेतु अधिकतम सम्बन्धित पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ **दिनांकः 15 सितम्बर, 2023 से दिनांकः 30 सितम्बर, 2023** तक परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

बैक पेपर फार्म भरने की अर्हताएँ

कक्षा	उत्तीर्णांक योग (प्रतिशत में)	बैक पेपर के लिये प्राप्तांक योग(प्रतिशत में)	बैक पेपर के विषय / प्रश्न–पत्र
स्नातक बी0ए0, बी0एस–सी0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष	33	30	अनिवार्य तथा एक वैकल्पिक विषय के अधिकतम 02 प्रश्न–पत्रों में।
स्नातक बी0ए0, बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष	33	30	न्यूनतम अंक वाले 02 विषयों के एक–एक प्रश्न–पत्र / एक विषय के अधिकतम 02 प्रश्न–पत्र।
बी0काम0 (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष)	33	30	न्यूनतम अंक वाले 02 प्रश्न–पत्र।

- **एक प्रश्नपत्र में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों के लिये बैक पेपर की सुविधा–** यदि कोई परीक्षार्थी सम्पूर्ण योग में 33 प्रतिशत अंक पाता है तथा जिस विषय के प्रश्नपत्र में अनुपस्थित है एवं उस विषय में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो, तो उस प्रश्नपत्र में उसे बैक पेपर की सुविधा अनुमन्य होगी।

02. **अंक सुधार–** सभी कक्षाओं के उत्तीर्ण परीक्षार्थी(अन्तिम वर्ष को छोडकर) केवल आगामी वर्ष में ही एक बार न्यूनतम अंक वाले 01 विषय या 01 प्रश्न–पत्र में अंक सुधार की परीक्षा दे सकते हैं।

03. श्रेणी सुधार– सभी कक्षाओं के अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थी उत्तीर्ण होने के पश्चात केवल आगामी वर्ष में ही केवल एक बार न्यूनतम अंक वाले 01 प्रश्न–पत्र में श्रेणी सुधार की परीक्षा दे सकते हैं।

04. अन्तिम वर्ष की कक्षाओं में जो परीक्षार्थी बैकपेपर के योग्य घोषित होंगे, वे श्रेणी सुधार के लाभ से वंचित हो जाएँगे।

05. यदि कोई परीक्षार्थी बैक पेपर परीक्षा के उपरान्त अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह आगामी वर्ष उस कक्षा के सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षा देगा। ऐसी स्थिति में उसका अगली कक्षा का परीक्षाफल घोषित नहीं होगा, बल्कि निरस्त होने के बजाय एक वर्ष के लिये सुरक्षित रहेगा।

अतएव उपरोक्तानुक्रम में समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षित है कि उक्त सूचना/पत्र को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराते हुए नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने के साथ ही सम्बन्धित समस्त छात्र–छात्राओं को अपने स्तर से संसूचित करने का कष्ट करें।

* अनिवार्य विषयः राष्ट्रगौरव/पर्यावरण अध्ययन।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. निदेशक शैक्षणिक, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय।
4. समस्त संकायाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण।
5. जन सम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय।
6. प्रभारी वेबसाइट को सम्बद्ध महाविद्यालयों की लागिन आई0डी0 तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।
7. सम्बन्धित पत्रावली

कुलसचिव